सार-समाचार

पिम्स में डॉक्टर्स डे पर वृक्षारोपण

उदयपुर,(कासं)। पिम्स हॉस्पिटल उमरडा में सोमवार को डॉक्टर्स डे के अवसर पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें 250 से अधिक पेड लगाये गये। चैयरमेन आशीष अग्रवाल, शीतल अग्रवाल ने बताया कि वृक्ष लगाने की आज के समय में महत्ती आवश्यकता है। वृक्ष ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। हवा की गुणवत्ता में सुधार करते हैं। जल संरक्षण एवं मिट्टी को संरक्षित करके आमजन और वन्यजीव के लिए उपयोगी साबित होते हैं। इसके अलावा वृक्ष भूजल को भरते हैं और हानिकारक प्रदूषकों और गंधों से हवा को फिल्टर करते हैं। एक पेड अनेक जीव-जन्तुओं का आश्रय स्थल बनता है। अग्रवाल ने आमजन से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान प्रेसिडेंट डॉ.बी. एल.कुमार,प्रिंसीपल डॉ.सुरेशचन्द्र गोयल, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. कमलेश शेखावत सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ चिकित्सकों की टीम उपस्थित थीं।

डॉ. पंकज केवलिया सम्मानित

उदयपुर,(कासं)। डॉ. पंकज केवलिया, डिप्टी मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट, गीतांजली मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को चिकित्सा संचालन में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2024 के विशेष अवसर पर स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान और मरीजों के परिणामों में सुधार के प्रति समर्पण के लिए इंडिया बेस्ट डॉक्टर अवार्ड-2024, हाइपेज नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड व आई कैन फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया।डॉ. पंकज केवलिया, डिप्टी मेडिकल सुपरिन्टेन्डेन्ट, गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर में 17 वर्षों से समर्पित सेवा कर रहे हैं। उनके कार्यकाल में उन्होंने गंभीर परिस्थितियों, विशेष रूप से कोविड-19 महामारी, का प्रबंधन किया, जो संकट प्रबंधन और मरीजों की देखभाल में उनकी विशेषज्ञता को दर्शाता है। डॉ. केवालिया का नेतृत्व और मरीजों की देखभाल में सुधार के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्वास्थ्य सेवा उद्योग में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करती है। जटिल स्वास्थ्य चुनौतियों को संभालने में उनकी दक्षता अस्पताल में प्रदान की जाने वाली सेवाओं के निरंतर सुधार को सुनिश्चित करती है।

चिकित्सकों का जताया आभार

उदयपुर,(कासं)। कहते हैं कि डॉक्टर इस धरती पर भगवान का दूसरा रूप होते हैं। वो डॉक्टर ही हैं, जो इंसान को मौत के मुंह से निकालकर नया जीवनदान देने का हर संभव प्रयास करते हैं। इसी कड़ी में डॉक्टर्स के इसी योगदान के प्रति आभार जताने और उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से आज डाक्टर्स डे के अवसर पर पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में सींडलिंग स्कूल के 25 विधार्थीयों ने चिकित्सकों को चॉकलेट एवं ग्रीटिंग कार्ड देकर तथा केक कटवा कर अभिनन्दन किया। पीएमसीएच के ऐक्जिक्यूटिव डॉयरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि इस साल की थीम' हीलिंग हैंड्स, केयरिंग हार्ट्स' है। यह विषय डॉक्टरों द्वारा अपनी चिकित्सा पद्धति में लाए गए समर्पण, करुणा और सहानुभूति को उजागर करता है, जो जीवन को बचाने और बेहतर बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। डाक्टर्स डे के इस अवसर पर सींडलिंग स्कूल के विधार्थीयो ने पीएमसीएच का दौरा किया और मरीजों की जान बचाने और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए डॉक्टरों के प्रति अपनी कृतज्ञता की भावनाओं को साझा किया।

स्वामी दूल्हेराम का निर्वाण दिवस मनाया

कपासन, (निसं)।अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठ के द्वितीय आचार्य स्वामी श्री दूल्हेराम जी के निर्वाण दिवस पर कस्बे में श्रीमद् अणभे वाणी जी ठांथ की गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रामद्वारा में वाणी जी के पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए।अन्तर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय (शाहपुरा) के द्वितीय आचार्य दूल्हेराम महाराज के द्वि शताब्दी निर्वाण महोत्सव के तहत आज शोभायात्रा के बाद प्रवचन और सत्संग कार्यक्रम हुए। कस्बे के श्री कल्याणराय जी मंदिर चौक स्थित रामपोल से समाज के पवित्र ग्रंथ श्रीमद् अणभे वाणी की गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा शुरू हुई। ग्रंथ को मांगीलाल सोमानी सिर पर धर कर चल रहे थे। साथ में श्रद्धालु चंवर ढोलते हुए चल रहे थे।अंतररास्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय शाहपुरा पीठ के द्वितीय आचार्य स्वामी श्री दूल्हेराम जी के निर्वाण दिवस पर कस्बे में श्रीमद् अणभे वाणी जी ठांथ की गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। रामद्वारा में वाणी जी के पाठ के साथ धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए।

नकदी व जेवर चोरी

मावली, (निसं)। कस्बे में मावली गांव माहेश्वरी नोहरा के पीछे प्रार्थी गणपत लाल विजयवर्गीय ने बताया कि प्रार्थी करीब 12 बजे मकान से दुकान पर गया हुआ था 2 बजे वापस आया तो देखा मुख्य द्वार एवं सभी कैमरे के ताले टूटे हुए देखें अलमारी एवं पेटी के ताले टूटे हुए थे घर के अंदर जाकर देखा तो करीब 3 लख रुपए नगद एवं डेढ़ तोला सोने का मंगलसूत्र एवं कीमती सामान अज्ञात चोर चोरी कर ले गए मकान में पडे सभी वस्तुएं यस्त व्यस्त कर दी प्रार्थी बैंक से 3लाख निकलवा कर घर में टाइल्स जोडने के लिए लाकर रख थे प्रार्थी की पत्नी गई थीगुजरात बेटी से मिलने सुना मकान देखकर चोर ने लगाई सेध पुलिस को कराई शिकायत दर्ज पुलिस जाता मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी है दिनदहाडे चोरी वारदात के बाद ठामीण भी सकते में आ गए हैं साथ ही कस्बे वासियों ने बताया कि आए दिन चोरियां हो रही हैं।

संपर्क पोर्टल व ई-फाइल की पेंडेंसी शीघ्र निपटाएं : बुनकर

राजसमंद, ०(निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर ने सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान एएसपी महेंद्र पारीक, जिला परिषद सीईओ हनुमानसिंह राठौड, एसडीएम अर्चना बुगालिया सहित अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। एडीएम नरेश बुनकर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे संपर्क पोर्टल और ई-फाइल की पेंडेंसी को जल्द से जल्द

■ **प्रधानमंत्री पंद्रह सूत्री कार्यक्रम की हुई समीक्षा**

साप्ताहिक समीक्षा बैठक मौजूद एडीएम नरेश बुनकर, जिप सीईओ हनुमानसिंह राठौड व एएसपी महेन्द्र परीक एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी।

निपटाएं। इसके लिए निर्धारित समय सीमा में लंबित मामलों का त्वरित निपटारा कर आमजन को राहत दें।

वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए एडीएम बुनकर ने अधिकारियों को हर समय सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आपात स्थिति का सामना प्रभावी रूप से किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि मानसून के मध्यनजर खंभो एवं तारों के रख रखाव संबंधित कार्य समय पर पूर्ण किए जाएं ताकि जिले में कोई अनहोनी न हो। उन्होंने पौधारोपण पर विशेष जोर देते हुए अधिकाधिक पौधे लगाने और उनका रख रखाव भी करने के निर्देश दिए।बैठक में प्रधानमंत्री पंद्रह सूत्री कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। एडीएम नरेश बुनकर ने कार्यक्रम के तहत चल रही योजनाओं और उनकी प्रगति पर चर्चा की और अधिकारियों को इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी से विभागों द्वारा प्रेषित सूचना की बारीकी से समीक्षा की। प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा अल्पसंख्यक समुदायों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रारंभ की गई एक व्यापक योजना है। एडीएम नरेश बुनकर ने विभागों के अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही ताकि जिले में विकास कार्यों को बेहतर गति दी जा सके और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकें।

बागीदौरा उप-चुनाव में बीएपी ने दर्ज की जीत

बांसवाड़ा, (निसं)। बागीदौरा क्षेत्र में भारत आदिवासी पार्टी बीएपी अपनी पकड़ मजबूत करती जा रही है। लोकसभा और बागीदौरा विधानसभा उपचुनाव के बाद अब पंचायत समिति बागीदौरा के वार्ड नं. 1 ग्राम पंचायत पाटन में हुए उप-चुनाव में भारत आदिवासी पार्टी की प्रत्याशी अनिता पत्नी बलराम मसार ने 152 वोट से जीत दर्ज की। जिला प्रवक्ता राहुल भूरिया ने बताया कि अनिता ने 786 मत प्राप्त किए वही बीजेपी प्रत्याशी ने 634 औए कांग्रेस प्रत्याशी ने 577 मत प्राप्त किए वही नोटा में 48 मत गिरे। प्रत्याशी की जीत की खुशी में पंचायत समिति के बाहर पार्टी पदाधिकारीध्कार्यकर्ताओं ने जय जौहार, एक तीर एक कमान आदिवासी एक समान, जय भील प्रदेश के नारों के साथ आतिशबाजी कर जश्न मनाया और रैली के रूप में वाल्मीकि प्रतिमा के समीप आदिवासी संस्कृति समर्थित संगीत पर नृत्य किया गया। इस अवसर बागीदौरा विधायक जयकृष्ण पटेल, उपचुनाव प्रभारी व बागीदौरा ब्लॉक अध्यक्ष हुरजी निनामा, एडवोकेट विजयपाल हुवोर, दिनेश मसार, संभागीय अध्यक्ष कलसिंह मकवाणा, सरपंच राकेश रावत आदि मौजूद रहे।

आई.आई.आर.एफ. की रैंकिंग में विद्यापीठ का राज्य में दूसरा स्थान

उदयपुर, (कासं)। इंडियन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क-आईआईआरएफ द्वारा 2024 की डीम्ड विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड टू बी विवि) ने राजस्थान में दूसरे व देश में 37 वां स्थान प्राप्त कर उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर साबित किया है। आईआईआरएफ की ओर से जारी वर्ष 2024 की रैंकिंग में विभिन्न श्रेणियों यथा केंद्रीय, राज्य, निजी और डीम्ड में 1161 विश्वविद्यालयों को रैंक दिए गए।

कुलपति एस.एस. सारंगदेवोत।

कुलपति प्रो. कर्नल एस.एस. सारंगदेवोत ने कहा कि इस वर्ष की दूसरी उल्लेखनीय रैंक उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने, नवीन शोध को बढावा देने और अपने विद्यार्थियों के बीच समग्र विकास को बढावा देने के लिए विद्यापीठ के समर्पण को उजागर करती है। यह रैंकिंग हमारे संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों और प्रशासनिक कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है। यह रैंकिंग विद्यापीठ के समाज के प्रति दायित्व को भी बढा रही है। 1937 में स्थापित इस संस्था ने अपने स्थापना काल से ही मील के पत्थर स्थापित किये हैं। विवि में अत्याधुनिक सुविधाएं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और अन्य संसाधन हैं। रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय के पिछले प्रयासों का प्रतिबिंब है, बल्कि भविष्य हेतु एक वचन भी है। विद्यापीठ प्रयासों व कार्यों में निरंतर सुधार और नवाचार के लिए समर्पित है, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे रहे। विवि अब नैक की सर्वोत्तम ग्रेड की ओर भी तेजी से अग्रसर है। रैंकिंग कार्यों के नोडल अधिकारी डॉ. चन्द्रेश कुमार छतलानी ने बताया कि उक्त रैंकिंग में 7 पैरामीटर्स को आधार बनाकर देश की टॉप यूनिवर्सिटी की लिस्ट तैयार की है, जो भारतीय सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक पैमाने पर केंद्रित है। इसमें टीचिंग लर्निंग रिसोर्सेस एंड पेडागोजी, रिसर्च, इंडस्ट्री इनकम व इंटीग्रेशन, प्लेसमेंट परफॉरमेंस, प्लेसमेंट स्ट्रैटेजी एंड सपोर्ट, फ्यूचर ओरिएंटेशन, एक्सटर्नल परसेप्शन व इंटरनेशनल आउटलुक शामिल हैं। पिछली बार की रैंकिंग में विद्यापीठ ने देश में 48 वां स्थान प्राप्त किया था और इस बार 37 वें स्थान पर आना विवि की बढती गुणवत्ता का द्योतक है। आईआईआरएफ के अनुसार विद्यापीठ सहित मुख्य विवि भारत में उच्च शिक्षा के सबसे प्रमुख स्त्रोत हैं, जहां विद्यार्थी शैक्षणिक कार्यक्रमों के विभिन्न स्तरों पर वांछित पाठ्यक्रम व विशेषज्ञता का अध्ययन कर सकने के साथ साथ व्यक्तित्व का समग्र विकास कर सकते हैं। इससे पूर्व एजुकेशनल परफॉर्मेंस स्टेटिस्टिक्स इन इंडिया 2024 की रैंकिंग में जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ को देश में 3वां, आईआईआरएफ की रैंकिंग 2023 में प्रदेश में प्रथम तथा इम्पैक्ट रैंकिंग में राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ था। यूनी रेंक द्वारा कराये सर्वे में भी विद्यापीठ ने उदयपुर में पहला स्थान प्राप्त किया था।

उदयपुर के शहीद मेजर मुस्तफा को मरणोपरांत मिलेगा शौर्यचक्र

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के शहीद मेजर मुस्तफा बोहरा को आगामी पांच जुलाई को नई दिल्ली में मरणोपरांत शौर्यचक्र प्रदान किया जाएगा। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा यह सम्मान दिया जाएगा। मुस्तफा शौर्य चक्र सम्मान प्राप्त करने वाले उदयपुर जिले के पहले शहीद सैन्य अधिकारी हैं।

शहीद मेजर मुस्तफा ट्रस्ट के उपसचिव वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि 5 जुलाई को नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति मरणोपरान्त शौर्य चक्र से सम्मानित करेगी। शहीद मेजर मुस्तफा की माता फातेमा, पिता जकीउद्दीन बोहरा और बहिन अलीफिया मुर्तजा अली को राष्ट्रपति शौर्य चक्र प्रदान करेंगी। शहीद मेजर मुस्तफा के माता-पिता को भारतीय सेनाध्यक्ष की ओर से 3 जुलाई को परिजनों सहित दिल्ली आमंत्रित किया है। 4 जुलाई को वॉर मेमोरियल इंडिया गेट पर भारतीय सेनाध्यक्ष द्वारा सम्मान समारोह आयोजन होगा और 5 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में होने वाले सम्मान समारोह में शहीद मेजर मुस्तफा के माता-पिता को शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा। शौर्य चक्र से सम्मानित किए जाने के उपरांत शहीद मेजर मुस्तफा के माता-पिता 7 जुलाई को दिल्ली से वायुयान द्वारा डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां पर वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी के नेतृत्व में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों द्वारा मुस्तफा के परिजनों का भव्य स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2022 में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हुए मुस्तफा उदयपुर जिले की वल्लभनगर विधानसभा के खेरोदा गांव में जन्मे मुस्तफा 21 अक्टूबर 2022 को अरुणाचल प्रदेश में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए थे। मां फातेमा ने बताया कि उस दिन मेजर मुस्तफा एक मिशन के लिए अपने साथियों के साथ उडान भरी थी।

सार-समाचार

हत्या के मामले में फरार बड़ा भाई धरा

डूंगरपुर, (निसं)। साबला थाना पुलिस ने पचलासा बडा गांव में छोटे भाई की हत्या के मामले में फरार आरोपी बडे भाई को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों भाइयों के बीच हुए झगडे के बाद बडे भाई ने छोटे भाई पर कुल्हाडी से वार कर हत्या कर दी थी। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।साबला थानाधिकारी ने बताया कि पचलासा बडा निवासी लक्ष्मी पुत्री प्रकाश मीणा ने 27 जून को रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 26 जून को मैं और मेरे पिता प्रकाश मीणा घर पर थे। मेरे ताउजी गौतम मीणा दवा लेने के लिए सुबह से आसपुर गए हुए थे। रात को करीब 8 बजे वो वापस घर लौटे। इस दौरान प्रकाश ने अपने बडे भाई गौतम से इतना लेट आने के बारे में पूछा तो गौतम ने प्रकाश के साथ झगडा शुरू कर दिया। वहीं गौतम ने अपने छोटे भाई प्रकाश पर कुल्हाडी से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर घायल हो गए। प्रकाश को उदयपुर अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां 27 जून को उनकी मौत हो गई। जिस पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। वहीं घटना के बाद से फरार चल रहे आरोपी गौतम मीणा को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

लाखों की नकदी हड़पी

उदयपुर, (कासं)। जुलाई। व्यापार के लिए उधार दी गई लाखो की नकदी हड़पने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित मोहम्मद आरिफ पुत्र रफीक मोहम्मद निवासी कुराबड़ हॉलई ब्लॉक सज्जननगर मल्लातलाई अम्बामाता ने आरोपी इंसाफ खान पुत्र उमीन खां निवासी आरपीएस भीलवाड़ा, लोकेश पुत्र नरेन्द्र बागोरा निवासी रोटो मैक रायल सिटी 200 फीट रोड़ भीलवाडत्रा के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि वर्ष 2023 में आवश्यकता होने पर आरोपी ने मुझसे रूपये उधार मांगें। इस पर मैने ऋण लेकर 20 लाख रूपये का भुगतान किया। निर्धारित समय पश्चात आरोपियों ने नकदी चुकाने से टालम टोल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

महिला ने की आत्महत्या

उदयपुर, (कासं)। जिले के ओगणा थाना क्षेत्र में विवाहिता ने अपने मकान में फांसी लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसर 29 जून को ओगणा थाना क्षैत्र चोखला बारा निवासी नवलीबाई (50) पत्नी भुरा उर्फ भूरिया ने अपने मकान में फांसी लगा ली। दूसरे दिन इसकी जानकारी मिलने पर हेडकांस्टेबल रमेश ने मौके पर पहुंच कर फंदे से निचे उतार पीहर पीपलबारा सूचना दी। सोमवार को पीहर पक्ष से परिजनों केआने पर हेडकांस्टेबल रमेश चन्द्र ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सोंप दिया। आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।

हादसे में युवक की मौत

उदयपुर, (कासं)। डबोक थाना क्षैत्र में युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसवर रविवार रात में डबोक थाना क्षैत्र खेमली रोड़ पतवारी के समीप ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में पूर्बिया म मोहल्ला खेमली निवासी ख्यालीलाल (45) पुत्र कुकाजी पूर्बिया गंभीर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई लक्ष्मणलाल ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। ख्यालीलाल उदयपुर पीआई इण्डस्ट्रीज में काम करता था। रविवार को ड्यूटी से बाइक पर वापस घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते पतवारी के समीप पिछे आ रहे ट्रेक ने बाइक को चपेट मे ले लिया था।

हादसे में किशोर की मौत

उदयपुर, (कासं)।डबोक थाना क्षैत्र रिको एरिया में स्थित इनस ग्राईण्डीग फेक्ट्री में 28 जून को काम करते समय बनेडिया राजसमन्द निवासी ईश्वर (15) पुत्र मदन जोगी मशीन के चपेट में आने से घायल हो गया था। जिसे फेक्ट्री प्रबंधन ने उपचार के लिए चिकित्सलाय में भर्ती करवाया।जहां सोमवार को उसकी मौत हो गई।

बंदी की हृदयाघात से मौत

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर कारागृह में सजा काट रहे बंदी की हृदयाघात से मौत होगई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार सवेरे उदयपुर केन्द्रीय कारागृह में बंदी अम्बा भेली फलासिया निवासी मनीष पुत्र रमेश डोडियार की अचानक तबीयत खराब होने पर जेल प्रशासन ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई।

लूट का आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। कोतवाली थाना पुलिस ने लूट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने हाउसिंग बोर्ड में एक महिला से लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा मोबाइल भी बरामद कर लिया है। कोतवाली थानाधिकारी भगवान लाल ने बताया कि दुर्गा पत्नी जितेंद्र कटारा निवासी भाटपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। इसमें बताया कि वह आजीविका समूह में काम करती है। 25 जून को वह बिलडी ऑफिस गई थी। शाम के समय नया बस स्टैंड से पैदल-पैदल वह भाटपुर घर जा रही थी। पुराना हाउसिंग बोर्ड माताजी मंदिर के पास सहेली का फोन आने से वह उससे बात कर रही थी। इस दौरान एक स्कूटी पर 4 बदमाश आए और मोबाइल छीनकर सदर थाना चौराहे की और भाग गए। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

पर्यावरण स्वीकृती सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B1(24273)/2023-24 Jaipur , दिनांक 24/05/2024 द्वारा श्री देवीसिंह किशन सिंह मादरेचा पुत्र श्री किशन सिंह मादरेचा, निकट ग्राम तलाबों की भागल, तहसील खमनोर जिलाराजसमंद, में स्थित रेफरेन्स संख्या-20221000060280, क्षैत्रफल 2.0575 हेक्टयर उत्पादन क्षमता 208333TPA(ROM)वास्ते खनिज ग्रेनाईट के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्स जारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है।

सूचना

स्टेट लेवल एन्वायरमेन्ट इम्पेक्ट एसेसमेन्ट ऑथोरिटी जयपुर (राज.) के पत्र क्रमांक F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat. B2(0235)/2023-24 Jaipur, दिनांक 07/06/2024 द्वारा मैसर्स लोरसन मिनरल एण्ड ट्रेडिंग कम्पनी ओर्थोराइज्ड सिग्नेटरी श्री प्रकाश डांगी पुत्र श्री भंवर लाल डांगी पता मोरला, तहसील सलुम्बर, जिला उदयपुर (राज.) के पक्ष में स्वीकृत खनन पट्टा संख्या 01/1999 क्षैत्रफल 4.90 हैक्टर निकट ग्राम मोरेला, तहसील सलुम्बर, जिला उदयपुर के पक्ष में पर्यावरण क्लीरियेन्सजारी कि गई है। पर्यावरण क्लीरियेन्स की प्रति राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (राज.) (SEIAA) राजस्थान जयपुर व सम्बन्धित विभागों में उपलब्ध है तथा इसे राजस्थान प्रदुषण नियंत्रण मण्डल की वेबसाईट www.rpcb.nic.in पर देखी जा सकती है।

अग्निवीर भर्ती रैली शुरू

उदयपुर, (कासं)। भारतीय सेना में शामिल होकर देश सेवा का सपना संजोने वाले युवाओं के लिए सोमवार को दिन महत्वपूर्ण रहा। उदयपुर में दूसरी बार अग्निवीर भर्ती रैली सोमवार से खेलगांव परिसर में प्रारंभ हुई। अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना का हिस्सा बनने के लिए युवाओं ने दमखम दिखाया।

भर्ती रैली के नोडल अधिकारी कर्नल इंद्रजीतसिंह ने बताया कि अग्निवीर भर्ती रैली में पहले दिन जनरल अग्निवीर के लिए आवेदन करने वाले उदयपुर, बांसवाडा, डूंगरपुर, सलूम्बर और प्रतापगढ़ जिले के अभ्यर्थियों ने भाग लिया। इसके अलावा क्लर्क, टेक्नीशियन और 8वीं पास ट्रेडमैन श्रेणी में प्रदेश के 22 जिलों के अभ्यर्थियों ने शिरकत की। लगभग 800 अभ्यर्थियों के लिए सर्वप्रथम 1600 मीटर की दौड़ हुई। दौड़ में सफल अभ्यर्थियों के लिए ग्राउण्ड टेस्ट हुए। इसके पश्चात दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया हुई। मंगलवार को सफल अभ्यर्थियों का मेडिकल कराया जाएगा। इसके अलावा 22 जिलों से जनरल अग्निवीर पद के लिए आवेदन करने वाले तकरीबन 1000 अभ्यर्थी भी मंगलवार को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेंगे। कर्नल सिंह ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में जिला प्रशासन का बहुत अच्छा सहयोग मिल रहा है। प्रशासन के सहयोग से दौड़ के लिए ट्रेक सहित ग्राउण्ड एक्टिविटी के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

पेंशन समस्या समाधान के लिए विधायक से मिला प्रतिनिधिमंडल

उदयपुर, (कासं)। पेंशनर सोसाइटी एमपीयूएटी उदयपुर का प्रतिनिधिमंडल, उदयपुर नगर विधायक ताराचंद जैन से मिला और उनको तथ्यात्मक ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए, राजस्थान के पांचों सरकारी कृषि विश्वविद्यालयों की पेंशन समस्या का स्थाई समाधान करवाने हेतु निवेदन किया।

एमपीयूएटी के पूर्व कुलपति डा. उमाशंकर शर्मा ने विधायक जैन को निवेदन किया कि गुजरात सरकार के वार्षिक बजट में वहां के चारों सरकारी कृषि विश्वविद्यालय के पेंशनरों की पेंशन भुगतान हेतु अलग से बजट चिन्हित है वैसा ही राजस्थान के बजट में भी किया जाए। पेंशनर सोसाइटी अध्यक्ष डॉक्टर भटनागर ने कहा कि राजस्थान में 6.50 लाख पेंशनरों को राज्य सरकार पेंशन भुगतान कर रही है और कृषि विश्वविद्यालय भी सरकारी है तथा इनमे मात्र 3200 पेंशनर ही हैं जो कि राज्य कर्मचारी पेंशनरों की 6.50 लाख की संख्या के सामने नगण्य हैं अत: राजस्थान सरकार द्वारा पांचों कृषि विश्वविद्यालयों के पेंशनरों को प्रति माह पेंशन भुगतान राज्य सरकार द्वारा करवाना सुनिश्चित किया जाए। पेंशनर सोसाइटी प्रवक्ता वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने बताया कि 1990 में भैरोंसिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री काल में राजस्थान के सभी सरकाई कृषि विश्वविद्यालयों के पेंशनर्स हेतु पेंशन योजना लागू की थी और 1990 से निरंतर राज्य सरकार द्वारा सरकारी कृषि विश्वविद्यालयों के पेंशन हेतु आवश्यक राशि दी जाती रही है,मगर कांग्रेस के शासन काल से राज्य सरकार द्वारा इस हेतु आवश्यक वित्तीय राशि को देने में रोडे अटकाए जाने लगे हैं। संपूर्ण देश में हर राज्य में सरकारी कृषि विवि पेंशनर को नियमित पेंशन राज्य सरकारों द्वारा दी जा रही है अत: इस वर्ष के राज्य बजट में पेंशन मद में आवश्यक राशि हेतु वित्तीय प्रावधान चिन्हित करवाने की कृपा करें। विधायक ताराचंद जैन ने अपने निजी सचिव को विधानसभा में इस विषय पर प्रश्न प्रेषित करने हेतु आदेशित करते हुए कहा कि विधानसभा में ,राजस्थान के पांचों कृषि विवि के पेंशनरों की पेंशन समस्या के स्थाई समाधान के मुद्दे को दमदार तरीके से उठाएंगे और पेंशन समस्या के समाधान का पूर्ण प्रयास करेंगे। पेंशनर प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद कुमार भटनागर, पूर्व कुलपति डॉक्टर उमाशंकर शर्मा, पूर्व विशेषा धिकारी डॉक्टर सुभाष भार्गव,ीरेंद्र सिंह सोलंकी आदि मौजूद रहे।

पेंशनर सोसाइटी एमपीयूएटी उदयपुर का प्रतिनिधिमंडल विधायक ताराचंद जैन से मिला।

युवती का अपहरण करने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। दबाव बनाकर युवती का अपहरण करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीड़ित युवती ने अपनी सहेली के साथ सुखेर थाने पहुंच कर 30 जुलाई को रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 2 वर्ष पूर्व कम्प्यूटर सेंटर पर कोर्स करने गई थी। वहां के संचालक ने बहला फुसलाकर मुझसे शादी कर ली तथा साथी मित्र ईमरान के साथ रहने का दबाव बनाने लगा। इनकार किया तो पति झगड़ा करता एवं इमरान मुझे धमकाते हुए साथ रहने का दबाव बनाता है। 29 जून को ईमरान मेरे कमरे पर आया तथा बाइक पर अजमेर चलने और वहीं रहने की जिद करने लगा। बाइक पर बैठाकर भुवाणा तक लाया, जहां से में आरोपी के चंगुल से निकल कर भाग कर थाने पहुंच कर रिपोर्ट दी।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपी ईमरान खान पुत्र मोहम्मद ईस्माइल एवं अशोक कुमावत को गिरफ्तार किया। पीड़िता दो वर्ष से आरोपियों के चंगुल मे थी। परिजनों द्वारा संबंध तोड़ने पर ईमरान ने परेशान करना शुरू कर दिया। इस दौरान एनजीओं की मदद से दोनों को छोड़ कर महिला मित्र के साथ रहने लगी। वहां पहुंचकर भी इमरान ने उसे धमकाना जारी रखा। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F. 7(12) PLAN/LANDUSE/2024/ Date /. /.2024

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा मुनाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20.07.2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर खुल्ट/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग पर